संख्या–cm-32
15/01/2021

मुख्यमंत्री ने गंगा उद्वह योजना के तहत किये जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

पटना, 15 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज घोड़ा कटोरा क्षेत्र एवं ग्राम मोतानाजय, नवादा में गंगा उद्वह योजना के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने गंगा वाटर लिफ्ट प्रोजेक्ट फॉर ड्रिंकिंग फेज–1 के तहत घोड़ा कटोरा क्षेत्र, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट गिरियक सहित अन्य जगहों पर किये जा रहे कार्यों के विषय में अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजगीर स्थित विभिन्न संस्थानों की जलापूर्ति व्यवस्था एवं पाइप लाइन के संबंध में अधिकारियों से बात की। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एक–एक घर, सभी संस्थान एवं होटलों तक गंगा का शुद्ध पानी पूरे वर्ष आपूर्ति करना है। उसी को ध्यान में रखते हुए पानी के भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बरसात के चार महीने में गंगा का पानी स्टोर करना है और उस पानी को स्वच्छ कर लोगों के उपयोग हेतु सालों भर आपूर्ति करना है। राजगीर की बढ़ती आबादी को भी ध्यान में रखते हुए पानी के पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था करें ताकि भूजल के उपयोग की जरूरत नहीं पड़े। ग्राउंड वाटर के ज्यादा उपयोग को रोकने के उद्देश्य से ही गंगा का पानी लाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के प्रजनन दर में काफी कमी आई है। बिहार का प्रजनन दर 4.3 से घटकर 3.2 हो गया है। हमलोगों ने लड़कियों की पढ़ाई की समुचित व्यवस्था की है। ज्यादा से ज्यादा लड़कियां जब शिक्षित होंगी तो बिहार का प्रजनन दर और नीचे जायेगा। अनुमान है कि वर्ष 2040 के बाद आबादी में कमी आयेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हर घर तक गंगा के पानी की पर्याप्त आपूर्ति होने लगेगी तब लोगों को भूजल के उपयोग को रोकने के प्रति जागरूक किया जायेगा। गंगा उद्वह योजना के जरिये गंगा का पानी राजगीर के अलावा गया, बोधगया और नवादा भी पहुंचाने की दिशा में काम आगे बढ़ रहा है इसलिये पानी के भंडारण पर विशेष ध्यान रखें ताकि लोगों को पूरे वर्ष जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। पानी के भंडारण के बचाव हेतु बाउंड्री वाल काफी ऊंची होनी चाहिये ताकि कोई चाहकर भी गड़बड़ नहीं कर सके। पानी का स्टोरेज पूरी तरह प्रोटेक्टिव होना चाहिये।

पत्रकारों से बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा उद्वह योजना के तहत गंगा का पानी राजगीर, गया, बोधगया और नवादा तक लाने का काम जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है, जबकि हर घर, होटलों और सभी संस्थानों में जलाापूर्ति का काम लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सौंपा गया है, इसके लिये रूट तय हो गया है। गया, नवादा और राजगीर में गंगा के पानी की पर्याप्त भंडारण क्षमता का काम आगे बढ़ रहा है। पानी को स्वच्छ करने के बाद इसकी आपूर्ति लोगों को की जायगी। राजगीर अंतर्राष्ट्रीय स्थल है, जबकि गया की भी काफी महत्ता है। गंगा वाटर लिफ्ट प्रोजेक्ट फॉर ड्रिंकिंग वाटर हेतु जमीन अधिग्रहण का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस दिन गया, बोधगया, राजगीर और नवादा के लोगों को गंगा का पानी उपलब्ध होने लगेगा उस दिन हमें काफी प्रसन्नता होगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्री श्रवण कुमार, विधायक श्री कौशल किशोर, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव श्री जीतेन्द्र श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, नालंदा के वन प्रमंडल पदाधिकारी डॉ0 नेसामणी के0, जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती धूरत सायली सावलाराम सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******